हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 30 अप्रैल 2025

04 विभागीय अधिकारियों की मौन स्वीकृति से...



07 कपिलेश्वर धाम आकर ऐसा लगा जैसे बाबा...





## खबर संक्षेप

### जनसुनवाई में 47 आवेदन आए

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने नागरिकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानी और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिले के दूरदराज अंचलों से आए लगभग 47 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में अधिकांश आवेदन भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर नितिन टाले, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### 30 को खाते में आएगी किसान कल्याण योजना की किस्त

**सीहोर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 30 अप्रैल को धार जिले के उमरबन में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में किसानों के खाते में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत वर्ष 2025-26 की प्रथम किश्त अंतरित करेंगे। इस अवसर पर जिले में भी जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में विभिन्न जनप्रतिनिधि सम्मिलित होंगे।

### करीब दो हजार की आबादी वाले गांव दौलतपुर में जलापूर्ति के लिए अभी तक नहीं किए गए हैं कोई खास इंतजाम

# गर्मी में हाल-बेहाल: पेयजल संकट गहराया एक-एक कुप्पे पानी के लिए आमजन घंटों कर रहे जद्दोजहद

ग्राउंड रिपोर्ट : तहसील क्षेत्र के दर्जनों गांवों में जल स्त्रोत सूखे, पानी के लिए इधर-उधर भटक रहे लोग, कहीं दूर से लाकर तो कहीं पानी खरीद कर बुझा रहे प्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

तापमान बढ़ने के साथ ही तहसील क्षेत्र में भू-जल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है। इससे क्षेत्र में गंभीर जलसंकट गहराने लगा है। जनपद पंचायत क्षेत्र के 42 गांव और बस्तियों को तो खुद लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने अपने सर्वे में जल संकट ग्रस्त मान लिया है। विभाग के सर्वे के अनुसार ये वे गांव है जहां पेयजल आपूर्ति के लिए कोई सार्वजनिक जलस्त्रोत नहीं है। इन गांवों में ग्रामीण जैसे तैसे गांवों से दूर निजी जल स्त्रोतों से पानी लाकर अपनी प्यास बुझा रहें है। हालांकि स्थिति विभाग की इस रिपोर्ट से कहीं अधिक खराब है। दरअसल गांवों में निजी जलस्त्रोतों से पानी उपलब्ध कराने में मालिक की अपनी एक मर्जी है , उसके द्वारा कुछ विशेष अथवा अपने चहेतों को पानी दिया जाता है , शेष ग्रामीणों को पानी की व्यवस्था इधर-उधर से या खरीदकर अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है। तहसील के दूरस्थ और आदिवासी अंचल के कुछ गांव तो ऐसे हैं , जहां आज भी पेयजल के लिए ग्रामीणों को संघर्ष करना पड़ रहा है। ग्रामीणों को जलापूर्ति करने वाले अधिकांश जलस्त्रोत सूख गए है। जिन इक्का-दुक्का हैंडपंप में पानी है वह भी हांफते हांफते घंटे भर में एक - दो घड़े ही पानी दे रहे है। जल संकट की स्थिति ऐसी है कि लोगों को एक - एक घड़े पानी के लिए इस भीषण गर्मी में घंटों हैंडपंप पर बैठने को मजबूर होना पड़ रहा है। या फिर गांव से डेढ़ - दो किमी दूर खेतों में स्थित कुएं, ट्यूबवेल से पानी लाकर अथवा टेंकरों से पानी खरीद कर अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है।

**एक चुप्पे पानी के लिए घंटों इंतजार :** कुंडीखाल पंचायत के तहत आने वाले गांव हरसपुर की आबादी करीब 1 हजार है। सरपंच शशिकांत परमार के मुताबिक इस गांव में तीन हैंडपंप है, जलस्तर गिरने के कारण ये झटके लेकर व हांफ-हांफकर पानी देते है। पानी भरने के लिए इनपर ग्रामीणों को नंबर लगाना पड़ता है । स्थिति यह रहती है कि हैंडपंप से एक घड़ा पानी भरने में घंटे भर से अधिक समय लगता है। श्री परमार के अनुसार गांव में जलसंकट गहराया हुआ है, लोग जरूरत का पानी जुटाने के लिए परेशान हो रहे है। इस संबंध में जपं सीईओ व लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। साथ ही पीएचई अधिकारियों को हैंडपंप में सिंगल फेज मोटर डालने की मांग की गई है लेकिन अभी तक आश्वासन से अधिक कुछ नहीं हुआ है।



**इछावर।** गांव लालियाखेड़ी में हैंडपंप में पानी नहीं होने के कारण 2 किमी दूर खेतों से पानी भरते हुए ग्रामीण



**इछावर।** गांव हरसपुर में हैंडपंप में वाटर कम होने से घंटों इंतजार के बाद एक दो कुप्पे भर पा रहे हैं ग्रामीण

### हरिभूमि पड़ताल : जल संकट वाले कुछ गांवों की जमीनी हकीकत

बैलगाड़ी, साईकिल और बाईक से ला रहे है पानी - विकासखण्ड के गांव लालियाखेड़ी में पिछले कई दिनों से जलसंकट गहराया हुआ है। करीब 14 सौ की आबादी वाले इस गांव में 4 हैंडपंप है, जो जलस्तर गिरने के कारण सूख गए है। ऐसे में इस गांव में सुबह 5 बजे से रहवासी खेतों में लगे ट्यूबवेल व कुओं पर पानी लेने के लिए निकल पड़ते हैं। जिनके पास बैलगाड़ी, बाईक या साईकिल आदि साधन है वे उनपर केन , कुप्पें बांधकर पानी ला रहे हैं, जबकि जिन परिवारों के पास साधन नहीं है उन परिवारों की महिला और बच्चो को सिर पर घड़े रखकर पानी ढोकर लाने को मजबूर होना पड़ रहा है। रहवासियों का अधिकतर समय पानी की जुगत में ही निकल जाता है। गांव की सुनीता बाई, राहुल कुमार बताते हैं कि पानी की परेशानी से निजात दिलाने के लिए जपं सीईओ और पीएचई अधिकारियों को कई बार लिखित आवेदन दें चुके है , लेकिन अभी तक कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

### दौलतपुर गांव में जलापूर्ति के लिए नहीं कोई इंतजाम

करीब दो हजार की आबादी वाले गांव दौलतपुर में ग्रामीणों को जलापूर्ति के लिए अभी तक कोई खास इंतजाम नहीं किए गए हैं। गांव में करीब आधा दर्जन हैंडपंप है जिनमें से अधिकांश सूखे है । दो - तीन हैंडपंप पानी देते है वह भी गर्मी के शुरुआती दिनों में ही सूख जाते हैं। ग्रामीणों को गांव से बाहर करीब दो किलोमीटर दूर खेतों में स्थित निजी कुएं, ट्यूबवेल से पानी लाकर या टैंकरों से पानी खरीद कर अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है। सरपंच जगराम कर्मा ने बताया कि गांव में जलसंकट की समस्या को लेकर प्रशासन को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन कोई भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।



**इछावर।** गांव लालियाखेड़ी में दो-तीन किलोमीटर दूर है से सर के ऊपर कुप्पा रखकर पानी लाती हुई महिला

### कर रहे हैं प्रयास

जल स्तर गिरने से जहां भी जल स्त्रोत बंद हुएं है , वहां पानी के वैकल्पिक व्यवस्था करने के प्रयास किए जा रहे है। हैंडपंप में पाइप लाइन बढ़ाने और सिंगल फेज मोटर डालकर पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। ब्लॉक में करीब 42 गांव जल अभाव ग्रस्त गांव चिन्हित किए गए हैं।

**सिद्धार्थ नाथ मालवीय,** उपयंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग









खबर संक्षेप



## कवि सम्मेलन में देर रात तक झूमते रहे श्रोता

**सीहोर।** ग्राम शाहपुर कवडिया में सृजन साहित्य परिषद के बैनर तले कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें अध्यक्षता गांव के वरिष्ठ नागरिक नंद किशोर परमार ने की एवं विशेष अतिथि कवि हीरालाल जायसवाल अनाड़ी व श्यामलाल परमार रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। सरस्वती वंदना कवि जोरावर सिंह ने प्रस्तुत की। कवि सम्मेलन का संचालन अखिल भारतीय साहित्य परिषद के जिला अध्यक्ष डॉ. विजेंद्र जायसवाल ने किया। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंटकर कार्यक्रम के आयोजक राम सिंह परमार एवं लक्ष्मण सिंह चौकसे ने किया। इस अवसर पर कवि विनोद पंसारी की पुस्तक दिल चाहता है का विमोचन अतिथियों के कर कमलो से संपन्न हुआ। इस अवसर पर गांव के सैकड़ो श्रोता कवि सम्मेलन में उपस्थित रहे। कवि सम्मेलन में अपनी प्रस्तुति देने वाले कवियों में द्वारका बांसुरिया, विनोद पंसारी, हीरालाल शर्मा ,हीरालाल जायसवाल अनाड़ी, जोरावर सिंह, रामसिंह परमार, लक्ष्मण सिंह चौकसे, डॉ. विजेंद्र जायसवाल, ठाकुर प्रसाद, जयंत ठाकुर, प्रदीप परमार आदि मुख्य रूप से रहे ।

## देवेंद्र सिंह राजपूत बने क्षत्रिय करणी सेना के जिला अध्यक्ष



**इछावर।** तहसील क्षेत्र के गांव मुआड़ा के देवेन्द्र सिंह राजपूत को क्षत्रिय करणी सेना का सीहोर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति सेना के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राज शेखावत की अनुशंसा पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष इंदल सिंह राणा द्वारा की गई है। श्री राजपूत की नियुक्ति पर जिले के राजपूत समाज में उत्साह का माहौल है। लोगों ने करणी सेना के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए श्री देवेन्द्र को बधाई दी है। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से गब्बर सिंह मेवाड़ा , महेन्द्र राजपूत,राजपाल सिंह , अरुण राजपूत , शिवराज सिंह , शामिल है।

### अतिक्रमण के साथ ही अवैध गतिविधियां भी हो रहीं संचालित

# विभागीय अधिकारियों की मौन स्वीकृति से करोड़ों रुपए की भूमि पर किया गया अवैध रूप से कब्जा

### अस्थायी अतिक्रमण के बाद अब पक्का अतिक्रमण, मुख्यालय पर नहीं रहती जिम्मेदार अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





कोलार नहर संभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की मौन स्वीकृति से विभाग की करोड़ो रुपए की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा स्थापित कर लिया गया। यह कब्जा आज का नहीं बल्कि वर्षो से होता चला आ रहा हैं। ओर हो भी क्यों ना क्योंकि इस विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मुख्यालय पर आज तक नही दिखाई दिये। अतिक्रमणकारी ने पहले अस्थायी अतिक्रमण किया, जब कार्रवाई नहीं हुई तो हौंसले और बुलंदी पर पहुंच गए और देखते ही देखते यहां पक्का अतिक्रमण कर मकान बना लिया गया हैं। अतिक्रमण का सिलसिला अब भी थमने का नाम नहीं ले रहा हैं। अधिकारियों की लापरवाहियों के चलतें अतिक्रमण का दायरा लगातार बढ़ता ही जा रहा हैं। जबकि इस संबंध में एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी ने पूर्व में ही विभागीय अधिकारियों को पत्राचार कर सरकारी भूमि से अतिक्रमणकारियों को बेदखल किये जाने पत्राचार कर गहरी चिंता जाहिर की जा चुकी हैं। बावजूद इसके अधिकारी अब भी इस मामले में लापरवाह बने हुए हैं। अतिक्रमण के साथ ही इस स्थान पर अवैध गतिविधियां भी संचालित हो रही हैं। बावजूद इसके प्रशासनिक स्तर पर अब तक कोई भी कार्रवाई यहां देखने को नहीं मिली है।

गौरतलब हैं कि सीहोर मुख्य मार्ग भारती स्कूल के सामने एक व्यक्ति द्वारा कोलार नहर संभाग की बेस कीमती जमीन पर अतिक्रमण कर रखा हैं। प्रशासन द्वारा बीते एक वर्ष यहां सडक़ निर्माण में बाधक बन रहे अतिक्रमणकारियों को बेदखल किये जाने की कार्रवाई की गई हैं। लेकिन कोलार नहर संभाग के अधिकारियों ने अपनी ही भूमि से अतिक्रमणकारियों को बेदखल करने जैसी कोई भी कार्रवाई की जहमत नहीं की। नतीजा यह हुआ हैं कि कोलार विभाग की करोड़ो रुपए की भूमि पर स्थायी के साथ ही अस्थायी अतिक्रमण किया जा चका हैं। अतिक्रमण का सिलसिला अब भी बदस्तूर जारी हैं। बावजूद इसके अब तक अतिक्रमणकारी पर कोई कार्रवाई नहीं की जा सकी हैं।

### एसडीएम ने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण होने पर जताई गहरी चिंता

बीते दिवस एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी ने विभागीय अधिकारियों को पत्र जारी करते हुए सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर पक्के आवासों का निर्माण होने पर गहरी चिंता जाहिर कर चुके हैं। अपने पत्र में उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जहां-जहां भी नदी-नाले व सरकारी भूमि पर अवैध रूप स अतिक्रमणकारियों का कब्जा कर लिया हैं उन्हें प्राथमिकता से हटाया जाये। जिससे कि सरकारी जमीन अतिक्रमणकारियों के चंगुल से मुक्त हो सके। लेकिन एसडीएम के पत्र के बावजूद भी अब तक विभागीय अधिकारियों ने मौन साध रखा हैं। जो कि चिंता जनक हैं।

### मुख्यालय पर आज तक नहीं दिखाई दिए जिम्मेदार अधिकारी

कोलार नहर संभाग की बात करें यहा की कार्यपालन यंत्री हर्षा जैनवाल आज तक मुख्यालय पर दिखाई ही नहीं दी हैं। वह अपना समस्त विभागीय कार्य अपने निवास या सीहोर से संचालित करती चली आ रही हैं। यदि कोई व्यक्ति इनसे संपर्क करना भी चाहे तो नहीं कर सकता। अधिकारियों के मुख्यालय पर नहीं रहने के चलतें अतिक्रमणकारियों को खुली छूट मिली हुई हैं और वह लगातार अपने अतिक्रमण के दायरे को बढ़ाते चले आ रहे हैं। जबकि इस संबंध में कई बार स्थानीय वार्डवासियों द्वारा इस संबंध में विभागीय अधिकारियों का ध्यानाकर्षण करा चुके हैं। लेकिन अब तक कोई भी ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी हैं।

### मादक पदार्थों का किया जा रहा विक्रय

सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने के साथ ही यहां से अवैध गतिविधियां भी संचालित होती चली आ रही हैं। कोलार नहर विभाग के ठीक सामने स्कूल व अस्पताल संचालित हैं। बावजूद इसके यहां प्रशासनिक स्तर पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी हैं। कुछ लोगों द्वारा यहां पूर्व में अतिक्रमण व मादक पदार्थो (गांजे) के विक्रय पर प्रतिबंध लगाने विरोध भी दर्ज किया, लेकिन अतिक्रमणकारी विवाद पर उतारू हो गया। मादक पदार्थो के विक्रय की खबर पुलिस को भी हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई हैं।

**सीएमओ ने कहा - कोलार विभाग की जगह :** अतिक्रमण की जानकारी जब सीएमओ नगर परिषद प्रफुल्ल गठरे को दी गई तो वह मौके पर पहुंचे और अतिक्रमणकारी से वैध दस्तावेज मांगे, लेकिन उसके पास कोई भी दस्तावेज नहीं मिले। लेकिन उक्त भूमि कोलार विभाग की होने के चलतें वह भी अतिक्रमणकारी को अतिक्रमण हटाने संबंधी निर्देश देकर वहां से लौट आये। सीएमओं ने बताया कि उक्त भूमि कोलार नहर विभाग की हैं उनके अधिकारियों को यहां अतिक्रमण हटाने संबंधी पहल करना चाहिए, यदि इसके लिए नगर परिषद के अमले की जरूरत पड़ती हैं तो हम उपलब्ध करा सकते हैं।

### अतिक्रमण चिंताजनक, विभाग को करना चाहिए सख्ती से कार्रवाई

इस मामले में एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी से चर्चा कर अतिक्रमण की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण होना चिंताजनक हैं। सरकारी भूमि को अतिक्रमणकारियों से मुक्त करने पूर्व में पत्राचार किया जा चुका हैं। विभागीय अधिकारियों को इस मामले में तत्काल एक्शन लेना चाहिए। यदि दल-बल की कमी हैं तो वह हमें बताएं हमें सख्ती के साथ अतिक्रमण की कार्रवाई को अंजाम देंगे। जहां तक बात मादक पदार्थो के विक्रय का हैं तो इस पर पुलिस को सख्ती से कार्रवाई करना चाहिए।

## पाक को ऐसा सबक दो की चुपचाप रहे चीन बलिदानी हिंदुस्तानियों को किया आर्यों ने नमन

**सीहोर।** आंतकवादियों को सरंक्षण देने वाले पाकिस्तान को भारतीय सेना ऐसा सबक सिखाए की चीन भी हमेशा चुपचाप रहे। बलिदानी हिंदुस्तानियों को नमन कर कलेक्ट्रेट पहुंचकर युवा संगठन सार्वदेशिक आर्य वीर दल ने मंगलवार को राष्ट्रपति के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन दिया।




आर्यवीर दन ने आंतकवादियों द्वारा 28 निदो्रष हिंदु पर्यटकों की बब्रर हत्या की घोर निंदा करते हुए कहा कि धर्म पूछकर मात्र हिंदु होने पर आंतकियों द्वारा की गई यह जघन्य हत्याऐं क्षमा करने योग्य नहीं है। मानवता के इतिहास में यह एक काला अध्याय है। सार्वदेशिक आर्य वीर दल दुख की इस घड़ी में मृतकों के परिवारों के साथ दृढ़ता से खड़ा है। भारत सरकार से प्रार्थना है कि आंतकवादियों और उनके संरक्षण कर्ता पाकिस्तान के विरूद्ध ऐसी कड़ी कार्यवाही की जाए की भविष्य में कभी कोई देश भारत पर आंख उठाने की कोशिश नहीं करें। कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देते समय विजय राठौर, अंकित राठौर, संदीप राठौर,अनिरुद्ध आर्य अभिषेक आर्य, सेजू बाई मालवीय, रामप्रकाश जाट, दिनेश पुष्पद, मोनू प्रजापति, कुणाल राठौर,हेमंत कुशवाहा, गजेंद्र राठौर, वीरेंद्र सिंह अहिरवार, जितेंद्र सोनी, विजय आर्य आदि शामिल रहे।

## 15 मिनट की आंधी ने थामी शहर की रफ्तार: गार्डन का स्वागत द्वार गिरा,फ्लैक्स फटे, बिजली भी गुल रही



**भैरूंदा।** मंगलवार की दोपहर करीब 3बजे चली तेज रफ्तार की आंधी ने कुछ देर के लिए शहर की रफ्तार थाम दी। इस आंधी ने अपना कहर मचाते हुए कई इलाकों को नुकसान पहुंचाया हैं। बता दें कि दोपहर करीब 3बजे तेज रफ्तार से आंधी चली। इसके में बिजली गुल रही जिससे लोगों की समस्या बड़ी। आंधी ने इस तरह तांडव मचाया कि राहगीर समेत अन्य लोगों को भी भरी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस दौरान इन्दौर रोड़ स्थित चेतना गार्डन मुख्य स्वागत द्वार गिरा तो वही स्टेज भी क्षतिग्रस्त हुआ। जिसमें कर्मचारी बाल-बाल बचे।

तेज़ रफ्तार की आंधी तूफ़ान के चलते सब जगहों में करीब आधे घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। बिजली गुल होने से नगर के कई इलाकों में लोग गर्मी से परेशान होते रहे। आंधी के चलते शहर के आसमान में धूल का गुबार छा गया। आंधी थमने के बाद शहरवासियों को गर्मी से परेशान होकर हाथ पंखा चलाते दिखे, तो वही चौक-चौराहों पर लगे फ्लैक्स फट गए। इतना ही नहीं स्तुति विहार कॉलोनी में बिजली केबल टूटकर गिर गया।

**भैरूंदा में अचानक तेज आंधी-तूफान :** मंगलवार की दोपहर को अचानक आए तेज आंधी-तूफान ने नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मचा दी। भीषण गर्मी के बीच अचानक मौसम ने करवट ली और धूलभरी तेज आंधी चलने लगी। कुछ ही मिनटों में हालात ऐसे बने कि दुकानों के बाहर रखा सामान हवा में उड़कर सड़कों पर बिखर गया। कई घरों की टीन की चादरें और पानी के ड्रम हवा में उड़ गए। ग्रामीण क्षेत्रों में पैड गिर गए। तूफान की रफ्तार इतनी तेज थी कि लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। नगर के मुख्य बाजार में दुकानदार अपने सामान को समेटने में जुटे नजर आए, जबकि राहगीर सुरक्षित स्थानों की ओर भागते दिखे। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस तेज आंधी-तूफान में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

**बिजली विभाग पर सदा निशाना :** 15 मिनट की हल्की आंधी तूफान ने प्रशासन की पोल खोल कर रख दी है, नगर भैरूंदा में कई बरसों से बिजली विभाग प्रज्वल प्रज्वल बुधनी के तहत कार्य कर रहे हैं, लेकिन एक बड़ा सवाल खड़ा होता है ,15 मिनट की आंधी से ही नगर की बिजली गुल हो गई, जिससे नगरवासी भीषण गर्मी में परेशान होते नजर आए, अभी यह हाल है, तो आने बाली वारिश के समय बिजली विभाग का क्या रवैया रहेगा।

## एमपीएल में अतुल कुशवाहा और गौरव पिचोनिया का चयन




**सीहोर।** शहर के दो प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन आईपीएल की तर्ज पर प्रदेश के इंदौर और ग्वालियर में होने वाली आईपीएल की तर्ज पर एमपीएल टी-20 क्रिकेट स्पर्धा में अतुल कुशवाहा और गौरव पिचोनिया का चयन किया गया है। प्रदेश की करीब सात टीम एमपीएल में खेल रही है, यह यह सौभाग्य का विषय है कि हमारे शहर के दो प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता में खेलने का मौका मिला है। उक्त विचार शहर के बीएसआई मैदान पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय ने कहे। इस मौके पर एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, कोषाध्यक्ष वीरु वर्मा, अतुल जैन चायघर, कमलेश पारोचे, नागेश व्यास, मनोज दीक्षित मामा, मदन कुशवाहा आदि शामिल थे। इस मौके पर उन्होंने अपनी ओर से दोनों खिलाड़ियों के लिए इतने बड़े मंच पर खेलने योग्य बल्ले अपनी ओर से प्रदान किए। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों को बड़ा मंच देने के उद्देश्य से पिछले साल मध्यप्रदेश प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत हुई थी। आईपीएल की तर्ज पर एमपीएल की शुरुआत की गई थी। इसमें प्रतियोगिता में आईपीएल के अनेक खिलाड़ी खेल रहे है। इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता में शहर के अतुल कुशवाहा और गौरव पिचोनिया का चयन होने पर खिलाड़ियों में हर्ष व्याप्त है। जिले में भी प्रतिभाओं की कमी नहीं है। हर फील्ड में एक से बढ$कर एक प्रतिभाएं हैं, मौका मिलते ही यह प्रतिभाएं सीहोर का नाम और मान दोनों ही बढ़ा देती हैं। इसी कड़ी में अब आईपीएल की तर्ज पर प्रदेश में होने जा रही एमपीएल टी-20 क्रिकेट स्पर्धा में सीहोर के गौरव और अतुल अपनी प्रतिभा दिखाएगा। बीएसआई क्रिकेट मैदान पर खेलने वाले आलराउंडर अतुल कुशवाहा जबलपुर और गौरव पिचोनिया का चयन भोपाल टीम में हुआ है। बता दें केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के पुत्र महाआर्यमन सिंधिया द्वारा आईपीएल की तर्ज पर बीते वर्ष से एमपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरुआत की है। बीते वर्ष यह प्रतियोगिता उनके गृह जिले ग्वालियर में आयोजित हुई थी, लेकिन इस वर्ष एमपीएल के सभी मुकाबले इंदौर के होल्कर स्टेडियम में होने जा रहे हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ 31 मई से होने जा रहा है। 2024 में हुई इस प्रतियोगिता में ग्वालियर चीताज, मालवा पैंथर्स, रीवा जैगुआर, भोपाल लेपर्ड और जबलपुर लॉयंस टीमें शामिल थी, जबकि इस बार दो टीमों का और इजाफा हुआ है, जिनमें सागर और उज्जैन की टीमें शामिल हैं। इस रोमांचकारी टूर्नामेंट सीहोर के अतुल कुशवाहा और गौरव पिचोनिया भी अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। अतुल और गौरव आलराउंडर खिलाड़ी वह बल्लेबाजी के साथ ही बालिंग में भी माहिर हैं।

## रेहटी तहसील के राजस्व परिवार ने आगजनी के प्रभावित परिवारों को गैस टंकी और चूल्हा दिया



**रेहटी।** रेहटी तहसील के पटवारियों द्वारा पिछले दिनों ग्राम सेमलपानी में हुई आगजनी की घटना के प्रभावित परिवारों को गैस टंकी एवं चूल्हा भेंट किया गया है। रेहटी तहसील के ग्राम सेमल पानी में 20 अप्रैल को आगजनी की घटना हुई थी। इसमें गांव के कई परिवारों के मकान पूरी तरह से जलकर खाक हो गए। लोगों की पूरी गृहस्थी उजड़ गई। इसके बाद राजनीतिक सामाजिक क्षेत्र से जुड़े हुए लोगों ने इन प्रभावितों की मदद का बीड़ा उठाया और तत्काल कई प्रकार की राहत सामग्री सहित अन्य सामान एकत्रित करके प्रभावितों की मदद की। अब बुधनी एसडीएम दिनेश सिंह तोमर के मार्गदर्शन एवं रेहटी तहसीलदार भूपेंद्र कैलासिया एवं नायब तहसीलदार युगविजय सिंह यादव के नेतृत्व में तहसील के पटवारियों द्वारा आगजनी के प्रभावितों को गैस टंकी एवं चूल्हा उपलब्ध कराया गया है, ताकि वे अपने लिए भोजन तैयार कर सकें।

### वर्ल्ड एनवायरमेंट हेल्थ एंड सेफ्टी डे कार्यक्रम पर हुआ व्याख्यान

# व्यक्ति अगर पर्यावरण को बचाने की कोशिश करे तो पर्यावरण की सुरक्षा हो सकती है : डॉ. एस सुरेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर






श्री सत्य साईं विश्वविद्यालय सीहोर में आज वर्ल्ड एनवायरमेंट हेल्थ एंड सेफ्टी डे का कार्यक्रम विश्वविद्यालय के माननीय कुलगुरु डॉ। मुकेश तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ9 जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ।एस सुरेश प्रोफेसर एंड हेड केमिकल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट मौलाना आजाद इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी भोपाल द्वारा दिया गया व्याख्यान अति ज्ञानवर्धक था। उन्होंने प्राकृतिक पर्यावरण की जानकारी साझा की और कहा कि लोगों को यह समझना होगा कि स्वस्थ पर्यावरण के बिना, मानव स्वास्थ्य और कल्याण प्रभावित हो सकता है । उन्होंने बताया कि व्यक्ति अगर अपने स्तर पर भी पर्यावरण को बचाने की कोशिश करे, संसाधनों का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल ना करे और प्रदूषण में बढ़ावा ना दे तो भी पर्यावरण की सुरक्षा हो सकती है। इससे कई बड़ी आपदाओं को भी रोका जा सकता है। जीवनशैली की किन आदतों को अपनाकर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया जाए और किस तरह पर्यावरण की क्षति को रोका जाए इसके प्रति लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है। कार्यक्रम की शुरुआत में स्वागत भाषण सुमित ओझा द्वारा दिया गया कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ हेमंत शर्मा , परीक्षा नियंत्रक डॉ संजय राठौर सहित समस्त संकाय अध्यक्ष ,प्राचार्य , शिक्षकगण, समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। छात्र-छात्राओं द्वारा नृत्य, गायन एवं पृथ्वी की पुकार नाटक की प्रस्तुति दी गई। अंत में अतिथि और शिक्षक गण द्वारा पौधारोपण कर कार्यक्रम को संपन्न किया । कार्यक्रम का सफल संचालन रुचि चौहान एवं मनोज गंदवाने ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ प्रियंका झवर द्वारा किया गया।

## पीड़ित दुकानदारों के लिए आगे आया मुस्लिम समुदाय, 2लाख की सहायता राशि एकत्रित कर एसडीएम को सौंपी



**भैरुंदा।** विगत दिनों नगर के जेपी मार्केट में स्थित तीन दुकान में आग को घटना हुई थी। इस आगजनी में तीन दुकान जलकर पूरी तरह से राख हो गई। इसी को लेकर सभी सामाजिक कार्यकर्ता ,व्यापारी के लोगों ने सहायता राशि एकत्रित कर पीड़ित दुकानदारों सहायता राशि दे रहें हैं। तो वही मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी इस मुहिम में हाथ बढ़ाया और पीड़ित दुकानदारों के लिए दो लाख रुपए की सहायता राशि एकत्रित की। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मंगलवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी को 2 लाख की सहयता राशि सौपी।

## मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने किया करोड़ों के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमि पूजन

# कपिलेश्वर धाम आकर ऐसा लगा जैसे बाबा महाकाल की शरण में ही हूं: मुख्यमंत्री







हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर-राजगढ़

जिला संघ की विचारधारा से जुड़ा है सारंगपुर नगर अपनी ऐतिहासिकता को समेट कर प्राचीन काल से अपना गौरव बरकरार रखे हुए हैं यहां कपिलेश्वर धाम आकर ऐसा लगा जैसे मैं बाबा महाकाल की शरण में ही हूं यह बात मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने सोमवार को कपिलेश्वर तीर्थ धाम पर जल गंगा संरक्षण अभियान एवं अधो संरचना विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमि पूजन कार्यक्रम में कहीं उन्होंने आगे कहा कि राजगढ़ जिले से हमेशा पलायन होता था यह बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण था लेकिन हमने इस जिले को आकांक्षी जिला बनाकर आधुनिक भारत के भागीरथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से राजगढ़ जिले में मोहनपुरा एवं कुंडालिया डैम परियोजना के माध्यम से बड़े डैम बने जिससे जिले में भरपूर पानी है जिसका लाभ हमारे जिले के किसान ले रहे हैं और गेहूं की फसल का बंपर उत्पादन कर रहे हैं। मंच पर सांसद रोडमल नागर और राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने सीएम का स्वागत किया। उन्हें त्रिशूल भी भेंट किया गया। कार्यक्रम को खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी, नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा, सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया।

इसके पूर्व प्रदेश सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को 3 बजकर 30 बजे सारंगपुर पहुंचे जहा हेलीपैड पर राज्य मंत्री टेटवाल सांसद रोडमल नागर राज्य मंत्री नारायण सिंह पवार जन अभियान परिषद प्रदेश उपाध्यक्ष राज्य मंत्री मोहन नगर भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर सहित जिले के नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी व पार्टी पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री का फूलमाला पहना कर स्वागत किया। इस दौरान राज्य मंत्री गौतम टेटवाल राज्य मंत्री नारायण सिंह पवार विधायक मोहन शर्मा विधायक अमर सिंह यादव विधायक हजारीलाल दांगी पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा जिला पंचायत सीईओ महीप किशोर तेजस्वी एसपी आदित्य मिश्रा, एसडीएम रोहित बम्होरे, तहसीलदार आकाश शर्मा नगर पालिका सीएमओ दीपक रानवे नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर नपा उपाध्यक्ष भावना निलेश वर्मा पृथ्वीराज टेटवाल मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद विनोद पाटीदार विकास दीक्षित गिरवर भंडारी संजय विजयवर्गीय सहित विभिन्न विभागों के जिले भर के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। साथ ही भारी संख्या में महिला पुरुष ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### सीएम ने गो गोवर्धन पूजन कर किया भगवान कपिलेश्वर का महाअभिषेक

### घर में घुसकर सबक सिखाएंगे मुख्यमंत्री मोहन यादव

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि कश्मीर के दुश्मनों को घर में घुसकर मारेंगे। किसी को छोड़ा नहीं जाएगा। सरकार अच्छे के साथ अच्छा और बुरे के साथ बुरा। जो जैसा करेगा, वैसा भरेगा। भारत की नीति कभी किसी को परेशान करने या किसी की जमीन हड़पने की नहीं है। ये कायर लोग पीठ पीछे, निहत्थे पर्यटकों को धर्म पूछकर गोली मारी है। ऐसी कायरों के लिए कोई जगह नहीं है। ये मर्द के बच्चे नहीं हो सकते हैं।

### सोलर पंप लगाने पर मिलेगी सब्सिडी

सीएम ने कहा- एक लाख 94 हजार जलदूतों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। 590 नए अमृत सरोवरों का निर्माण किया गया है। सारंगपुर में 698 करोड़ की लागत से पुल बनाया जाएगा। 2 करोड़ 60 लाख से 4 उप स्वास्थ्य केंद्र बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि किसान सोलर पंप लगाता है, तो 5 लाख कीमत का 10 हॉर्स पावर का सोलर पंप 50 हजार रुपए जमा करने पर मिलेगा। ढाई लाख का सोलर पंप पर 10 प्रतिशत भरने पर मिल जाएगा। इसी तरह तीन हॉर्स पावर की सोलर पंप में भी अनुदान मिलेगा। मुख्यमंत्री ने सारंगपुर से गुजरने वाले पुराने हाईवे को फोर लेन मैं बदलने की स्वीकृति दी।

### गायें पालने पर मिलेगा अनुदान

सीएम ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में राजगढ़ जिले से सबसे ज्यादा पलायन होता था, लेकिन बावजूद लोगों ने अपनी धरती से नाता नहीं तोड़ा। अब हर माह गोशाला के लिए 40 रुपए प्रति गाय अनुदान दिया जाएगा। 25 से ज्यादा गाय पालन की योजना बनाकर पशुपालन विभाग को दीजिए। इसमें 25 प्रतिशत का अनुदान मिलेगा। 200 गाय पालेंगे, तो 50 दुधारू गायें सरकार की ओर से दी जाएंगी। फूड इंडस्ट्री लगाने वालों को भी सरकार की ओर से अनुदान दिया जाएगा। सरकार की ओर से बिजली, जमीन, रजिस्ट्री और लोन में मदद दी जाएगी। प्रदेश में खेती आधारित उद्योग लगने चाहिए। तथा जिले में पुलिस थानों का आई एस ओ होने पर पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा को प्रमाण पत्र दिया।

### करोडों के विकास कार्यों का हुआ भूमीपूजन व लोकापर्ण

ग्रामीण क्षेत्रों तथा विधानसभा में लगभग 1500 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया गया। राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने महाकाल लोक की तर्ज पर कपिलेश्वर लोक बनाए जाने की तथा कपिलेश्वर तीर्थ एवं मां बिजासन भेसवा माता जी को पर्यटक स्थल बनाने व क्षेत्र में उद्योग धंधे स्थापित करने एवं नगर के अति प्राचीन पांच शिव मंदिरों के जीर्णोद्धार की मांग की गई । मुख्यमंत्री द्वारा 112 करोड़ 10 लाख रुपये की लागत के लगभग 700 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। 44 करोड़ की लागत से नगर से गुजरने वाले फोरलेन की घोषणा की वही सारंगपुर को विद्युत वितरण डिवीजन की घोषणा की ।

## शादी का सामान लेकर लौट रहे थे गांव

# चलती बाइक से गिरी महिला गंभीर रूप से घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

करेड़ी और खारचाखेड़ी गांव के बीच चलती बाईक पर बैठी एक महिला को अचानक चक्कर आने वो नीचे जा गिरी। दुर्घटना में महिला बुरी तरह घायल हो गई जिसे ईलाज के लिए जिला अस्पताल भर्ती करवाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें भोपाल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार धीरपसिंह लोधा और उनकी पत्नी अजबबाई लोधा करेड़ी गांव के बाजार से शादी का सामान खरीदकर वापस अपने गांव खारचाखेड़ी लौट रहे थे। इस दौरान अजबबाई को अचानक चक्कर आ गए और वे चलती बाईक से नीचे गिर गईं। घटना के बाद आसपास एकत्रित लोगों की मदद से घायल महिला को जिला अस्पताल भिजवाने की व्यवस्था करवाई गई। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें भोपाल रेफर कर दिया।

# दो दुर्घटनाओं में तीन की मौत







**माचलपुर।** नगर में रविवार रात्रि को दो स्थानों पर अलग अलग वाहन दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई दो गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार करीब रात्रि ग्यारह बजे गोघटपुर की औंर से माचलपुर आ रहे बाइक सवार गोविंद प्रसाद बैरागी को खेड़ी के वहा अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसमे बैरागी की मौत हो गई। वहीं दूसरी दुर्घटना में माचलपुर से हम्माली कर पोलखेड़ा जा रहे दो बाईकों पर सवार होकर जा रहे चार लोगो को पोलखेड़ा की औंर से आ रही मारुति ईको कार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे दो युवकों हीरालाल पिता मांगीलाल मेवाड़ा, मांगीलाल पिता प्रताप मेवाड़ा की घटना स्थल पर मृत्यु हो गई। गंभीर रूप से घायल राजेश पिता लक्ष्मण पिता प्रभु को प्राथमिक उपचार के बाद झालावाड़ रैफर कर दिया गया पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## निर्दोष पर्यटकों पर आतंकी हमले का किया विरोध

# संगठन के सदस्यों ने 2 मिनट का रखा मौन, सौंपा ज्ञापन



**नरसिंहगढ़।** सोमवार 10 बजे मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय विश्राम गृह पर रखी गई बैठक में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए कायराना आतंकी हमले के विरोध में मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के सदस्यों ने दो मिनिट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी व नगर के प्रमुख मुद्दों को लेकर चर्चा की वही बैठक के उपरांत स्थानीय मुद्दे जिन पर कार्यवाही वांछित है । इस अवसर पर मुख्यरुप से पूर्व जिला अध्यक्ष कमल चैरसिया ब्लॉक अध्यक्ष विजयपाल सिंह परमार कान्हा बना महेश त्रिवेदी प्रणपाल सिंह खींची महेश शर्मा प्रदीप शर्मा विवेक ठाकुर भगवान सिंह उमठ कपिल वैध संकल्प मिश्रा वीरेंद्र सिंह पंवार धर्मेंद्र सिंह पंवार देव प्रकाश वर्मा लोकेश साहू जितेंद्र वर्मा आदि रहे मौजूद।

## सीएमएचओ की चेतावनी के बाद भी काम पर नहीं लौटे हड़ताली

# प्रदर्शन के सातवें दिवस संविदाकर्मियों ने शुरू की क्रमिक भूख हड़ताल



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

एक हफ्ते पहले 22 अप्रेल से शुरू हुई जिले के समस्त संविदा स्वास्थ्यकर्मियों की बेमियादी हड़ताल लगातार सातवें दिवस भी जारी रही। सातवें दिवस संविदाकर्मी क्रमिक भूख हड़ताल पर रहे। भूख हड़ताल कर रहे स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अरविंद सोनी और जिलाध्यक्ष आकांक्षा दुबे ने बताया कि एनएचएम भोपाल द्वारा हमारी मांगों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। संविदाकर्मी बहुत कम सुविधाओं में दिन-रात एक कर सेवाएं दे रहे हैं फिर भी शासन, प्रशासन का रुख हमारी ओर सकारात्मक नहीं है।

पदाधिकारियों ने बताया कि यदि संविदाकर्मी गंभीर बीमार भी हो जाए तो उसे स्वास्थ्य बीमे तक की सुविधा नहीं है। वहीं एनएचएम ने इस वर्ष जो मानव संसाधन मैनुअल लागू किया गया है, वह पूरी तरह संविदा कर्मचारियों के खिलाफ है। इसलिए इसमें संशोधन की मांग भी हमारे द्वारा रखी गई है। उल्लेखनीय है कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा हड़ताली कर्मचारियों को वापस काम पर लौटने का चेतावनी भरा पत्र भी जारी किया गया है। इसके बावजूद किसी भी कर्मचारी ने पुनः अपनी ज्वाईनिंग नहीं दी है। प्रदेश स्तरीय संगठन द्वारा लगातार वरिष्ठ अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों से चर्चा की जा रही है लेकिन कहीं से कोई सकारात्मक कार्यवाही देखने को नहीं मिल रही है।

### हड़ताल से इन सेवाओं पर पड़ रहा बुरा असर

संविदा स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा लगातार जारी हड़ताल से प्रशासनिक अधिकारियों को नियमित कर्मचारियों की ड्यूटी लगाना पड़ रही है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की जांच, बीपी, शुगर के मरीजों की जांच एवं उपचार, बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, टीबी उन्मूलन कार्यक्रम सहित हितग्राही मूलक योजनाओं के भुगतान आदि प्रभावित हो रहे है।

## ग्राम माना में बूथ क्रमांक

# विधायक व अध्यक्ष सहित ग्रामीणों ने सुनी पीएम की मन की बात



**कुरावर।** रविवार को समीपस्थ ग्राम माना मैं भाजपा मंडल कुरावर के अंतर्गत आने वाले बूथ क्रमांक 241व 242 पर देश की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 121 वी मन की बात प्रदेश के भाजपा संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, विधायक मोहन शर्मा भाजपा, जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, मन की बात के जिला प्रभारी के दीपेंद्र सिंह चैहान, नरसिंहगढ़ विधानसभा प्रभारी दिनेश दांगी, बूथ अध्यक्ष मोहित चंद्रवंशी, सुनील चंद्रवंशी ने सुनी इसके पहले भाजपा संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने उपस्थित सभी भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं से कहा कि मन की बात का कार्यक्रम सामान्य नहीं है यह हमें देश की वर्तमान परिस्थितियों के साथ जोड़ने का काम करता है साथी उन्होंने कहा कि माना जैसे ग्राम में हमारे 750 सदस्य हैं अब हम इसको पहले की तरह सदस्यता अभियान में हर परिवार के प्रत्येक सदस्य को जोड़ें और कार्यकर्ताओं की संख्या बढ़ाए हर ग्राम केंद्र पर बूथ सम्मेलन करें अभी हमारे संपूर्ण राजगढ़ जिले में 3,75,000 कार्यकर्ता है हमें हर विधानसभा में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को जोड़ना है हमारा लक्ष्य नरसिंहगढ़ विधानसभा में 1,20,000 कार्यकर्ताओं का है यदि हमने इस काम को कर लिया तो हम विधानसभा के साथ साथ हर चुनाव में विजय हासिल करेंगे और एक मजबूत संगठन की तरफ बढ़ते चले जाएंगे कार्यक्रम का संचालन दीपेन्द्रसिंह चैहान ने किया। कार्यक्रम का आभार सरपंच अरविंद पटेल ने माना।

# आवास मुक्तिधाम के बगल की कच्ची नाली का पानी श्मशान में करता प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर



आवास कॉलोनी स्थित मुक्तिधाम के बगल में नाली का पानी श्मशान में जाने से वहां पर गंदगी एवं बदबू आती रहती है। आवास कॉलोनी मुक्तिधाम पर युवाओं द्वारा डेवलपमेंट करके आवास के इस मुक्तिधाम को सुंदर बना रखा है।

आवास बस्ती की कच्ची नाली का पानी शमशान के अंदर प्रवेश करता है जिससे शमशान में गंदगी बनी रहती है एवं बदबू आती रहती है अजय परिहार ,राहुल पुष्पद , अजय मालवीय, राहुल परमार, सोनू मालवीय इत्यादि युवा ने बताया कि हम नियमित रूप से शमशान का रखरखाव करते आ रहे हैं। जिसमें हमारे वरिष्ठ बंधुओं का सहयोग मिलता रहता है वह भी समय समय पर श्मशान में अपनी कार सेवाएं देते हैं । लेकिन आवास की जो कच्ची नाली शमशान के बगल से निकलकर बांध कि ओर जा रही उसका गंदा पानी शमशान में प्रवेश करता है इस संबंध में नगर परिषद को भी कितनी बार अवगत कराया गया लेकिन नगर परिषद का इस ओर ध्यान नहीं जा रहा है श्मशान में बदबू एवं गंदगी से परेशानी होती है।

### निर्माण होना है

मेरे संज्ञान में यह जानकारी आपके द्वारा आई मौके पर अवलोकन उपरांत जिस हिसाब से नाली का निर्माण होना है शीघ्र करवा दिया जाएगा।

**हरीओम शर्मा**
सीएमओ नगर परिषद जीरापुर

# सेक्टर बैठक में जन चौपाल आयोजित



**जीरापुर।** ग्राम नाईहेड़ा में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सेक्टर की बैठक आयोजित हुई। जन अभियान परिषद जिला समन्वय प्रवीण सिंह पवांर ,विकासखंड समन्वयक बीरम सिंह परमार की उपस्थिति में ग्रामवासियों को शासकीय योजना का लाभ ग्राम स्तर पर ही लेने एवं सुविधा उपलब्ध कराने हेतु ग्राम में नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा जन सूचना केंद्र एवं वाचनालय का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात सेक्टर बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सेक्टर के 14 प्रस्फुटन समितियां के अध्यक्ष सचिव सदस्य उपस्थित रहे। प्रतिभागियों को जल गंगा संवर्धन अभियान को लेकर अपने-अपने ग्राम में जल स्रोतों, कुआ , बावड़ी ,तालाब, नदी आदि का संरक्षण करने पर मार्गदर्शित कर अपना गांव हमारा गांव को लेकर बताया कि हमारा गांव स्वच्छ , शिक्षित , संस्कारित , हरा भरा रहे एवं ग्राम में जल निगम द्वारा घर-घर पानी दिया जा रहा उसका उपयोग करने हेतु प्रत्येक नल में टोटी लगी रहना चाहिए ताकि पेयजल बर्बाद नहीं हो सभी उपस्थित प्रतिभागियों को जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल चैपाल के माध्यम से जल स्रोतों का संरक्षण करने हेतु शपथ दिलाई।



## आज मनाया जाएगी भगवान परशुराम जयंती, निकलेगी वाहन रैली, निकलेगा चल समारोह

*ब्यावरा। भगवान परशुराम जन्म उत्सव को धूमधाम से मनाने हेतु ब्राह्मण समाज व्यावरा द्वारा आज आयोजन किया जावेगा। जिसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वहीं सभी समाज बंधुओं को आग्रह किया गया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर कार्यक्रम की शोभा बढाएं। बुधवार 30 अप्रैल को सुबह 8 बजे माता वैष्णों देवी मंदिर से चल समारोह निकाला जाएगा जो नगर के विभिन्न मार्गो से होकर निकलेगा।*

## संयुक्त प्रयासों से बाल-विवाह के मामलों में हो रही कार्रवाई

# परसपुरा में 3 बालिकाओं को 'वधु' बनने से रोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

खिलचीपुर ब्लॉक के परसपूरा गांव में एक ही परिवार में चार शादियों की सूचना के बाद रविवार को प्रशासन सतर्क हो गया। महिला एवं बाल विकास विभाग, अहिंसा वेलफेयर सोसायटी और पुलिस की संयुक्त टीम तत्काल मौके पर पहुंची जहां एक ही परिवार के चार बच्चों की शादियां हो रही थीं जिनमें से 3 बालिकाएं नाबालिग निकली।

टीम की सदस्य रजनी प्रजापति ने बताया कि नाबालिगों की शादियों की रस्में पूरी की जा रही थीं। टीम ने तत्काल विवाह की प्रक्रिया को रुकवाया और परिजनों को बाल-विवाह निषेध अधिनियम के तहत जानकारी देते हुए चेतावनी दी। मौके पर हुई त्वरित कार्रवाई से कई अन्य ग्रामीण भी एकत्रित हो गए। टीम ने इस अवसर पर उपस्थित सभी ग्रामीणों को बाल विवाह के सामाजिक, स्वास्थ्य और कानूनी प्रभावों के बारे में जागरूक किया। परिजनों को बताया गया कि बाल विवाह बच्चों के भविष्य को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ कानूनन दंडनीय अपराध भी है। यदि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोहराई गईं तो कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



### बालिकाओं के अभिभावकों से लिए शपथ-पत्र

टीम ने मौके पर दस्तावेजों की जांच कर बालिकाओं की आयु सत्यापित की और आवश्यकतानुसार अभिभावकों से शपथ पत्र भी भरवाए। कार्रवाई के दौरान परिजनों ने बालिकाओं की शादियां रोकने और भविष्य में कानून का पालन करने का लिखित आश्वासन दिया। अहिंसा वेलफेयर सोसायटी ने ग्रामीणों से अपील की है कि यदि कहीं भी बाल विवाह की सूचना मिले तो तुरंत नजदीकी थाना, महिला एवं बाल विकास विभाग या अहिंसा वेलफेयर सोसायटी को सूचित करें, ताकि समय रहते बच्चों का भविष्य सुरक्षित किया जा सके। टीम ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि परिजन बाल विवाह कराते पाए जाते हैं, तो उनके खिलाफ बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रीष्मकालीन अभिरुचि केन्द्र का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना




भारत स्काउट गाइड के वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार एवं राज्य मुख्यालय के निर्देशानुसार जिला संघ गुना के पदेन अध्यक्ष कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं आलोक जैन जिला मुख्य आयुक्त एवं चंद्रशेखर सिसोदिया जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला कमिश्नर के मार्गदर्शन ग्रीष्मकालीन अभिरुचि केन्द्र का शुभारंभ जिला संघ जिला कार्यालय जिला प्रशिक्षण केन्द्र पर किया। गया। डीओसी जितेन्द्र ब्रह्मभट्ट ने बताया कि इस अभिरुचि केन्द्र का उद्देश्य स्काउट गाइड एवं आसपास के युवाओं के कौशल को विकसित करना है। इस अभिरुचि केन्द्र पर व्यक्तित्व विकास,सिलाई कढ़ाई बुनाई, मेहंदी, चित्रकला, आत्म रक्षा, पेंटिंग, डांस,कबाड से जुगाड, नाट्यकला, लेखन, गायन,वादन अन्य विधाओं के विशेषज्ञों को बुलाकर कुछ सीखाने का प्रयास किया जाता है जिससे बच्चे अपनी होवी को समझकर आगे बढ़ सके। डीओसी गाइड राखी नामदेव द्वारा बच्चों को पार्लर के अन्तर्गत फैशियल के बारे में बताया और उन्हें करना सीखाया।

## खबर संक्षेप




### 1 से 20 मई तक समर कैंप का आयोजन

**आष्टा।** लोक शिक्षण संचनालय भोपाल के आदेशानुसार पहली बार शासकीय मॉडल उमावि आष्टा में ग्रीष्म अवकाश के सदुपयोग के उद्देश्य से समर कैंप आयोजित किया जा रहा है। विद्यालय में 1 मई से 20 मई 2025 तक समर कैंप का आयोजन सुबह 8:00 से 11:00 के बीच किया जाएगा। समर कैंप के माध्यम से विद्यार्थियों में अकादमीक गतिविधियों के साथ-साथ रचनात्मक सृजनशीलता एवं कला कौशलों का विकास हो सके इस उद्देश्य के लिए आयोजन किया जा रहा है।

### डोडी मंडल उपाध्यक्ष बने राजपाल ठाकुर

**जावर।** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा की सहमति से डोडी मंडल अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर ने अपनी मंडल कार्यकारिणी घोषित की जिसमें वरिष्ठ भाजपा नेता भीम सिंह भंवरी के छोटे पुत्र युवा मोर्चा के पूर्व मंडल महामंत्री राजपाल ठाकुर को मंडल उपाध्यक्ष नियुक्त किया राजपाल की नियुक्ति पर डोडी मंडल में हर्ष का माहौल है सीहोर जिले के सभी मंडलों में राजपाल की उम्र सबसे कम है और सबसे युवा उपाध्यक्ष है राजपाल ने उपाध्यक्ष बनने के बाद बताया कि मेरी नियुक्ति पर मैं क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर और हमारे जिले के कप्तान मेरे आशीर्वाद दाता नरेश मेवाडा और मंडल अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर का आभार व्यक्त करता हूं जिस प्रकार मुझ पर विश्वास जताकर जिम्मेदारी दिए में जिम्मेदारी पर शत प्रतिशत ईमानदारी से भारतीय जनता पार्टी का कार्य करूंगा क्षेत्र के विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर के नेतृत्व में आष्टा विधानसभा एक आदर्श विधानसभा बन रही है हम सभी विधायक के साथ हैं और विकास के नए-नए इतिहास बनाएंगे।

### फ्री लिमिट से ज्यादा रुपए निकालना 2 रुपए महंगा

**सीहोर।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने एटीएम से पैसे निकालने पर लगने वाले चार्ज बढ़ा दिए। 1 मई से फ्री लिमिट पार करने पर हर ट्रांजेक्शन पर अब 23 रुपए देने होंगे। अभी तक यह चार्ज 21 रुपए था। यानी ग्राहकों को हर ट्रांजेक्शन पर 2 रुपए ज्यादा चुकाने होंगे। अब हर ट्रांजेक्शन पर 19 रुपए इंटरचेंज चार्ज लगेगा।

## आज से श्री हंसदास मठ मंदिर में शिव महापुराण कथा का शुभारंभ

# मंदिर में शिव पंचायतन और श्री सिद्ध वीर हनुमान महाराज की होगी प्राण-प्रतिष्ठा

शिव महापुराण के पहले सुबह साढ़े आठ बजे शहर के कस्बा स्थित तिलक पार्क भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी जो क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से होते हुए प्राण-प्रतिष्ठा स्थल पर पहुंचेगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शहर के मंत्री पेट्रोल पंप से गणेश मंदिर रोड उमाशंकर धाम कालोनी के पास प्राचीन श्री हंसदास मठ दशहरा बाग में पंच कुण्डात्मक महायज्ञ एवं रिद्धेश्वर स्फटिक शिव लिंग, शिव पंचायतन एवं श्री सिद्धवीर हनुमान महाराज की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। गत 27 अप्रैल से नव दिवसीय अखंड श्रीराम चरित्रमानस का पाठ आरंभ हो गया है जो छह मई तक जारी रहेगा।

महोत्सव के अंतर्गत बुधवार से भागवत भूषण कथा वाचक पंडित चेतन उपाध्याय के द्वारा दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक श्री शिव महापुराण का आयोजन किया जाएगा। शिव महापुराण के पहले सुबह साढ़े आठ बजे शहर के कस्बा स्थित तिलक पार्क भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी जो क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से होते हुए प्राण-प्रतिष्ठा स्थल पर पहुंचेगी। उक्त आयोजन श्री हंसदास मठ समिति और समस्त क्षेत्रवासी, भक्तों के माध्यम से किया जा रहा है। मठ के मंहत हरिरामदास महाराज के मर्गदर्शन में मठ में महोत्सव को लेकर भव्य तैयारियां पूर्ण की गई है। शिव महापुराण के पहले दिन इसका महत्व बताया जाएगा। इसके अलावा भगवान शिव की विभिन्न लीलाओं के बारे में पंडित श्री उपाध्याय के द्वारा वाचन किया जाएगा। प्रतिदिन शाम साढ़े छह बजे से हरि नाम संकीर्तन और चार मई को रामाचार्य सहस्त्रार्चन उत्सव किया जाएगा। वहीं छह मई को पूर्णाहुति एवं भंडारे एवं प्रसादी का वितरण किया जाएगा। हंसदास मठ मंदिर समिति ने सभी क्षेत्रवासियों से भव्य महोत्सव और बुधवार से आरंभ होने वाली शिव महापुराण में शामिल होने की अपील की है।

### श्रमिक परिवारों को राशि सिंगल क्लिक से आज वितरित की जाएगी

**सीहोर।** संबल योजना में अनुग्रह सहायता राशि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 30 अप्रैल को धार जिले के उमरबन में सिंगल क्लिक से वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना, असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। इसमें अनुग्रह सहायता योजना के अंतर्गत दुघर्टना में मृत्यु होने पर 4 लाख रूपये एवं सामान्य मृत्यु होने पर 2 लाख रूपये प्रदान किये जाते हैं। इसी प्रकार स्थायी अपंगता पर 2 लाख रूपये एवं आंशिक स्थायी अपंगता पर 01 लाख रूपये तथा अंत्येष्टि सहायता के रूप में 5 हजार रूपये प्रदान किये जाते हैं। संबल योजना में जहाँ एक ओर महिला श्रमिक को प्रसूति सहायता के रूप में 16 हजार रूपये दिये जाते हैं तो वहीं दूसरी ओर श्रमिकों के बच्चों को महाविद्यालय शिक्षा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत उच्च शिक्षा में शिक्षा हेतु सम्पूर्ण शिक्षण शुल्क राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है। नीति आयोग की पहल पर प्रदेश के गिग एवं प्लेटफार्म वर्कर्स को भी संबंल योजना के अंतर्गत सम्मिलित किया जाकर इनका पंजीयन प्रारम्भ किया गया है एवं इन्हें भी संबल योजना के अंतर्गत समस्त लाभ प्रदान किये जा रहे हैं। संबल हितग्राहियों को खाद्यान्न पात्रता पर्ची भी प्राप्त होती है जिससे वे केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा रियायती दरों पर राशन प्राप्त कर रहे हैं। संबल योजना प्रदेश में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के लाखों निर्माण श्रमिकों के लिये भी निर्माण मंडल के माध्यम से कई योजनायें संचालित की जाती हैं। इनमें निर्माण श्रमिकों की मृत्यु होने पर अनुग्रह सहायता तथा स्थायी एवं आंशिक अपंगता पर सहायता भी सम्मिलित है। सभी संबल हितग्राहियों को आयुष्मान भारत निरामयम योजना अंतर्गत पात्र श्रेणी में चिन्हित किया गया है। अब वे भी 5 लाख रूपये वार्षिक निः शुल्क चिकित्सा प्राप्त कर रहे है।

## स्मार्ट मीटर बदलने में हो रही लापरवाही

# बिजली के चालू करंट के तार बाहर खुले में छोड़ें



**दोराहा - अहमदपुर।** मध्य क्षेत्रीय विद्युत वितरण कंपनी द्वारा सीहोर जिले के अहमदपुर कस्बे में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य किया जा रहा है एवं स्मार्ट मीटर लगाने वाले कर्मचारियों द्वारा अहमदपुर कस्बे में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं सोमवार के दिन 2:00 बजे के करीब स्मार्ट मीटर लगाने वाले कर्मचारियों की बड़ी लापरवाही सामने आई है अहमदपुर के मेंन बाजार कमर्शियल एरिया में एक दुकान के वाहर एक विद्युत स्मार्ट मीटर को लगाया गया स्मार्ट मीटर लगाने वाले कम्पनी के कर्मचारियों ने बिजली उपभोक्ता का स्मार्ट मीटर तो लगाया उपभोक्ता के घर का कनेक्शन नहीं करते हुए बिजली के चालू लाइट करंट के तारो को बाहर दोनों केवल में लपेटकर चले गए जिससे की आस पास में रहने वाले एवं आसपास के ग्रामीणों को करंट लगने का खतरा ग्रामीणों को बना रहा आसपास रहने वाले लोग और दुकान पर आने वाले ग्राहक भी करंट के खुले तारों के कारण भयभीत नजर आए,वही उपभोक्ता ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगाने वाले कर्मचारियों ने घर की लाइट भी नहीं जोड़ी स्मार्ट मीटर को दीवार पर लगाकर करंट के खुले तार छोड़ गए वहीं घर की लाइट ना जुड़ने से उपभोक्ता को परेशानी का सामना भी करना पड़ा परंतु उपभोक्ता असलम खान का कहना है कि मीटर लगाने से पहले उपभोक्ता को बताया जाए तब मीटर लगाए जाए वहीं असलम खान ने आरोप लगाया है कि विद्युत विभाग अहमदपुर के जे ई सतीश सिलोरिया को इस पूरे मामले की जानकारी दी तो वह भी इति श्री करते हुए नजर आए अधिकारियों और कंपनी के कर्मचारियों को सूचना के बाद भी कई घंटे तक कोई भी कर्मचारी खुले करंट के तारों को जोड़ने और घर की लाइट जोड़ने नहीं आया ना ही वायर या फिर उन पर ना तो टेप टाइपिंग करने आया ना कनेक्शन जोड़ने आया जिसके कारण उपभोक्ता परेशान होते हैं। इस संबंध में अहमदपुर में विद्युत केंद्र प्रभारी को इस पूरे मामले की जानकारी के बाद भी ना ही कोई कर्मचारी कनेक्शन जोड़ने आया ना ही कोई कर्मचारी खुले तारों पर टेप टाइपिंग करने आया, आखिरकार उपभोक्ता विवश होकर खुद तारों को पकड़ कर करंट के खुले तारो पर पन्नी लपेटा हुआ दिखाई दिया।

# युवा संगठन ने निःशुल्क वितरण किए सकोरे बेजुबान पक्षियों को गर्मी में प्यासा न रहना पड़े





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर में गर्मी का पारा अब 42 डिग्री पर पहुंच गया हे,ऐसी गर्मी में बेजुबानो को दाना पानी का संकट आ जाता है । गर्मी में मानव हो या फिर पशु-पक्षी सभी को ठंडे जल की तलाश रहती है। लोगों के लिए तो जगह-जगह प्याऊ व नल के साथ ही पानी की उचित व्यवस्था मिल ही जाती है ।

लेकिन पक्षियों को पानी के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ता है। ऐसे में आष्टा युवा संगठन द्वारा पक्षियों के लिये पानी की व्यवस्था के साधन के रूप में संस्था प्रमुख आनंद गोस्वामी ने निशुल्क सकोरे वितरित किये जो सराहनीय पहल है । संस्था के आनन्द गोस्वामी ने बताया की भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए हमारी इस सामाजिक संस्था आष्टा युवा संगठन द्वारा हर वर्ष पंछियों के लिए दाना पानी के लिए सकोरे टांगे जाते हे ।

परन्तु इस वर्ष नि शुल्क सकोरे वितरण कार्यक्रम नगर के कालोनी चौराहे पर रखा गया, ताकि लोग अपनी छत और बालकनियों में पक्षियों के लिए सकोरे में पानी भरकर रखे ताकि इन बेजुबानों को पानी के लिए भटकन ना पड़े। एवं इस भीषण गर्मी में उन छोटे जीव पंछियों के प्राणों की रक्षा की जा सके। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा,पार्षद रवि शर्मा,पंकज यादव,पार्षद तारा कटारिया,पार्षद विशाल चौरसिया,पार्षद तेजसिंह राठौर ,पत्रकार संजीव सोनी पांचम,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मीना सिंगी,पत्रकार संजय जोशी , दिनेश शर्मा, अमित मकोड़ी, राजीव गुप्ता, संजय वर्मा, मोहित सोनी, संदीप छाजेड़, राजेश शर्मा ,मुकेश राठौर, संध्या बजाज, भगवती सोनी, संगीता शुक्ला, मंजू राठौर, विनीता महेश्वरी, विपिन सिंगी, जितेन्द्र परमार, रोहित तोमर, पवन रांका, अमन ताम्रकार, बसंत पाठक अंकुश सोनी, आनंद शर्मा, अशोक कुशवाह, मनीष कुशवाह, अखिलेश पाटीदार, अभिराज पटारा ,जयदीप महेश्वरी,,वीर राजपूत, भविष्य राठौर, आदित्य जैन, संतोष शर्मा ने सकोरे बांटे।

# हिन्दू उत्सव समिति के पुनः अध्यक्ष बने कालु भट्ट विधायक गोपालसिंह इंजिनियर ने दीं शुभकामनाएं




**आष्टा।** पिछले सभी त्यौहारो एवं अन्य पालकी, होली सहित सभी पर्वो को धूमधाम से मनाने पर एवं सनातन समाज में आवाज बुलंद करने वाले युवा अध्यक्ष कालु भटट् को विभिन्न समाज के अध्यक्षो ने हस्ताक्षर कर एक बार पुनः अपनी सहमति प्रदान की हैं, एवं कालु भटट् को पुनः आगामी दो साल के लिए हिन्दु उत्सव समिति का अध्यक्ष बनाया।

अध्यक्ष बनाने हेतु सेंधव समाज के अध्यक्ष कुमेरसिंह भाटी, मेवाडा राजपूत समाज के अध्यक्ष जीवनसिंह मंडलोई, राठौर समाज अध्यक्ष विरेन्द्र राठौर, ताम्रकार समाज अध्यक्ष सुधीर जी मेहलवार, सिंधी समाज के अध्यक्ष सुशील भोजवानी, पाटीदार समाज के अध्यक्ष लखन पाटीदार, नामदेव छिपा समाज अध्यक्ष मुकेश नामदेव, ब्रहाम्ण समाज अध्यक्ष रवि शर्मा, दर्जी समाज अध्यक्ष राजीव जी पंवार, अग्रवाल समाज अध्यक्ष राजीव गुप्ता, छिपा नामदेव मारवाडी समाज अध्यक्ष मनीष डोंगरे, जाट समाज अध्यक्ष महेश जाट, जांगडा पोरवाल समाज अध्यक्ष सत्यनारायण कामरिया, चौरसिया समाज अध्यक्ष रमेश जी चौरसिया, प्रजापती समाज अध्यक्ष शिव प्रजापति, श्वेताम्बर जैन समाज अध्यक्ष पवन सुराणा, खाती चन्द्रवंशी समाज अध्यक्ष नारायण भुरू मुकाती, गुजराती सेन समाज अध्यक्ष पवन वर्मा, महेश्वरी समाज अध्यक्ष मनीष धांरवा, जायसवाल समाज अध्यक्ष प्रेम जायसवाल, लोहार पांचाल समाज अध्यक्ष गोपाल पांचाल, श्री गोस्वामी समाज अध्यक्ष ओमप्रकाश पूरी, किरार समाज अध्यक्ष अचल किरार, नाथ समाज अध्यक्ष अजाबसिंह , साहु समाज अध्यक्ष कमलेश साहु, खटीक समाज अध्यक्ष जगदीश खत्री, श्री दिगम्बर जैन समाज अध्यक्ष आनंद जैन, कोरी समाज अध्यक्ष मोंटी कोरी, लोहापीठा समाज अध्यक्षा मैथी बाई, यादव समाज अध्यक्ष पवन यादव, यादव पंचायत अनील यादव, जांगडा समाज अध्यक्ष अरबिंद रेकवाल, धोबी रजक समाज अध्यक्ष बाबूलाल बिल्लौरे, बैरागी समाज अध्यक्ष मुकेश बैरागी, सुतार विश्वकर्मा समाज अध्यक्ष मनोहर विश्वकर्मा, भोई समाज अध्यक्ष लखन भोई, खण्डेलवाल समाज अध्यक्ष विजय खण्डेलवाल, किर समाज अध्यक्ष मांगीलाल सिसोदिया, विश्वकर्मा समाज अध्यक्ष लखन विश्वकर्मा, बैरागी पंचायत अध्यक्ष डी.डी. बैरागी, निलगिरी खत्री समाज अध्यक्ष सुरेन्द्र खत्री, लोधी समाज अध्यक्ष मुकेश लोधी, बंशकार समाज अध्यक्ष गोपाल उस्ताद, कुशवाह समाज अध्यक्ष संजय कुशवाह, मालवीय प्रजापति समाज अध्यक्ष संजय वर्मा, परमार समाज अध्यक्ष मानसिंह परमार, कायस्थ समाज अध्यक्ष नरेश भैया माथुर, मालवीय बलाई समाज अध्यक्ष दिलिप मालवीय, माली बागवान समाज अध्यक्ष मनोहर बागवान, मालवीय सेन समाज अध्यक्ष चेतन वर्मा आदि सभी समाज अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षर कर कालु भटट् को हिन्दु उत्सव समिति का निर्विरोध अध्यक्ष बनाने हेतु अपनी सहमति प्रदान की एवं बधाई प्रेषित की।

समाज के अध्यक्षों द्वारा पुनः अध्यक्ष बनाने पर कालु भटट् द्वारा सभी का आभार प्रेषित कर सभी को धन्यवाद दिया, ओर कहा कि आपने जिस भरोसे को दिखाकर पुनः मुझे चुना है, मैं आपके भरोसे पर खरा उतरूंगा। इस अवसर पर लोकप्रिय विधायक गोपालसिंह इंजिनियर साहब एवं नगरपालिक अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाडा ने साफा बाँधकर स्वागत किया एवं शुभकामनाऐं प्रदान की। कालु भटट् ने उपस्थित समस्त समाज के अध्यक्षों एवं जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

# आज धूमधाम से मनाया भगवान परशुराम जन्मोत्सव, रविवार को शोभायात्रा निकाली

**सीहोर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में समाज के आराध्य भगवान परशुराम के जन्मोत्सव को आस्था और उत्साह के साथ मनाए जाने के लिए ब्राह्मण समाज के द्वारा घर-घर जाकर ब्राह्मण परिवारों को आमंत्रण पत्र का वितरण किए गए है। बुधवार को सुबह शहर के खजांची लाइन स्थित धर्मशाला में भगवान श्री परशुराम की पूजन और महा आरती का आयोजन किया जाएगा। वहीं चार मई रविवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष दीपक शर्मा, चल समारोह के अध्यक्ष मनीष शर्मा, युवा अध्यक्ष रजत व्यास सहित बड़ी संख्या में विप्रजनों शहर के अन्य स्थानों पर घर-घर पहुंचकर ब्राह्मणजनों को पांच दिवसीय



महोत्सव को लेकर निमंत्रण दिया। इस मौके पर विप्रजनों ने भगवान परशुराम के नारे भी लगाए। अब तक करीब 25 सौ से अधिक आमंत्रण कार्ड वितरित किए जा रहे है। इस वर्ष ब्राह्मण समाज के द्वारा आगामी दिनों में महोत्सव के अंतर्गत ब्राह्मण प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए समाज के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि भगवान परशुराम के जन्मोत्सव को लेकर बुधवार को सुबह दस बजे शहर के खजांची लाइन स्थित धर्मशाला में पूजन अर्चना की जाएगी, इसके पश्चात महिला मंडल के द्वारा अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। रविवार को भगवान परशुराम की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इसके अलावा महिला मंडल के ओर से कलश पूजन, थाली सजावट सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। वहीं आगामी 4 मई को शाम चार बजे विशाल चल समारोह निकाला जाएगा। जो शहर के खजांची लाइन सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए रात 8 बजे शहर के बाल विहार ग्राउंड पर भोजन प्रसादी का इंतजाम किया जाएगा। इस मौके पर पुरुषों के ओर से सफेद कुर्ता-पजामा और महिलाओं के लिए लाल रंग की साड़ी रहेगी। अपील करने वालों में सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष दीपक शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष पंडित सुदीप व्यास, महिला संगठन अध्यक्ष नीलम शर्मा, चल समारोह के अध्यक्ष मनीष शर्मा, ट्रस्ट अध्यक्ष मनोहर शर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष महेश दुबे, संयोजक चंद्रकिशोर शर्मा, विनय भटेले, युवा संगठन अध्यक्ष रजत व्यास, महामंत्री रमांकान्त समाधिया, महिला संगठन चल समारोह अध्यक्ष प्रतीक्षा शर्मा, युवा महिला संगठन अध्यक्ष बरखा शर्मा, कोषाध्यक्ष सुनील दुबे-रुपेश तिवारी आदि शामिल है।

### समग्र आईडी और आधार कार्ड से ईकेवाईसी आवश्यक

**सीहोर।** सभी आमजन को को सूचित किया गया है कि शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं एवं शासकीय कार्यों का लाभ लेने के लिये सभी खाताधारक, भूमि स्वामियों, प्लॉट-भूखण्ड, मकान मालिकों जिनके नाम खसरा रिकार्ड में दर्ज हैं उन्हें अपने-अपने भू-खण्ड एवं कृषि भूमियों का समग्र आई.डी. एवं आधार कार्ड से ईकेवाईसी कराना आवश्यक है। अगर आप अपनी भूमियों की हेरा-फेरी एवं जमीन संबंधी गड़बड़ियों से बचना चाहते और अपने भूखण्ड, मकान, दुकान कृषि भूमि को सुरक्षित रखना चाहते हो तो आप सभी अपने नजदीकी सीएससी कंप्यूटर सेंटर पर जाकर अपनी-अपनी कृषि भूमियों, भूखण्डों, प्लाट एवं मकानो की ईकेवाईसी अवश्य कराएं और शासन की योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।

## जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई, कई बिंदुओं पर किया विमर्श

# कलेक्टर बालागुरु के. ने वन व्यवस्थापन और वन ग्रामों के संपरिवर्तन की कार्रवाई में गति लाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में वन व्यवस्थापन एवं वन ग्रामों के संपरितर्वन के संबंध में जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने वन व्यवस्थापन एवं संपरिवर्तन की अब तक की कार्यवाही की समीक्षा करते हुए वन मंडल अधिकारी, सभी एसडीएम एवं राजस्व अधिकारियों को कार्यवाही को गति देने के निर्देश दिए।

कलेक्टर बालागुरू के ने कहा कि शासन के नियमों के अनुरूप सभी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं वन विभाग के अधिकारी समय समय पर बैठक और समन्वय कर वन व्यवस्थापन और संपरिवर्तन गतिरोध को दूर करें। उन्होंने कहा कि धारा 5 से धारा 19 तक की समस्त कार्यवाही पूर्ण करने के उपरान्त धारा 20 के तहत प्रारूप अधिसूचना एवं वन व्यवस्थापन का अंतिम प्रतिवेदन तैयार कर भेजा जाना है। यह कार्यवाही जल्द पूरी की जाए।



उन्होंने कहा कि धारा 20 की प्रारूप अधिसूचना मे नये एवं पुराने खसरा नंबर तथा उनको राजस्व अभिलेखो मे नोईयत या मद जैसे छोटा झाड़, बडा झाड़ का जंगल, पहाड, चट्टान, घास इत्यादि दर्ज की जाएगी। कलेक्टर बालागुरू के. ने वन व्यवस्थापन अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी वन को शासन के सभी प्रावधानों का गहन अध्ययन कर संयुक्त रूप से वन व्यवस्थापन संबंधी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। वन ग्राम से राजस्व ग्रामों मे संपरिवर्तन के लिए मध्यप्रदेश शासन के जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार आम सूचना जारी की जायेगी। उप खण्ड स्तरीय समिति लैंड यूस मैप तैयार करायेगी। जिसमें कृषि भूमि का रकबा, बसाहट की भूमि, श्मशान स्थल, वन, जल संरचनाएं, चरनोई चारागाह की भूमि, सामुदायिक परिसंपत्ति जैसे स्कूल, धार्मिक स्थल, खेल मैदान, स्वास्थ्य एवं अन्य सामुदायिक उपयोग के भवन, सामुदायिक संसाधन आदि होंगे। बैठक में डीएफओ मगन सिंह डाबर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह सहित राजस्व एवं वन विभाग के संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मालवीय के जन्मदिन पर लगाए गए पौधे



**आष्टा।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय के जन्मदिन के उपलक्ष्य में नपाध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा के नेतृत्व में उनके निज कार्यालय स्थित पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर श्री मालवीय को जन्मदिन की आत्मीय बधाई दी गई। श्री मालवीय के जन्मदिन के अवसर पर उपस्थितजनों ने जन्मदिन की बधाईयां दी, तत्पश्चात् पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय ने सभी की बधाईयों को स्वीकार कर कहा कि कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मृतात्माओं के प्रति अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए इस कृत्य की कड़ी निंदा की और कहा कि इसी के चलते जन्मदिन कार्यक्रम स्थगित किया गया है, किंतु ईष्टमित्रों व समर्थकों के आग्रह को स्वीकार करते हुए एवं बिगड़ते पर्यावरण को दृष्टिगत रखते हुए पौधारोपण कर जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर जिला महामंत्री धारासिंह पटेल, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अंजनी चैरसिया, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, नपाउपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजीव सोनी पांचम, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ऋतु जैन, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र पाटीदार, कृपालसिंह पटाड़ा, व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, पार्षदगण रवि शर्मा, कमलेश जैन, डॉ. सलीम खान, तारा कटारिया, नगर महामंत्री धनरूपमल जैन, विशाल चैरसिया, आनंद जैन, राजेन्द्र केशव, महेन्द्रसिंह ठाकुर, मोहित सोनी, नगर उपाध्यक्ष मनीष धारवां, राकेश प्रजापति, अरशद अली, चंदनबाला वोहरा, चेतन छाजेड़, जितेन्द्र बुढासा उपस्थित थे।